CCDA | California Commission on Disability Access

एक्सेसिबल पार्किंग की मार्गदर्शिका (गाइड): व्यापार स्वामी और संचालक

CBC 2022वां संस्करण

*** प्रकाशन: 05-15-2024, यह दस्तावेज कैलिफोर्निया बिल्डिंग कोड 2022 संस्करण पर आधारित है और कोड में संबंधित परिवर्तन/संशोधन किए बिना इसे अपडेट (अद्‌यतन) नहीं किया जाएगा।**

DGS CALIFORNIA DEPARTMENT OF GENERAL SERVICES

कृपया नोट कर लें कि इस टूलकिट में 2022 कैलिफोर्निया बिल्डिंग कोड (CBC) के तहत एक्सेसिबल माने जाने वाले तत्वों और स्थान की विस्तृत सूची नहीं है। लोगों द्वारा उपयोग की जाने वाली पार्किंग सुविधाएं, अमेरिकी विकलांगता अधिनियम (ADA) और CBC दोनों के लिए एक्सेसिबल अर्थात पहुंच में होनी चाहिए, लेकिन CBC के अंतर्गत आने वाले प्रावधान ADA की आवयकताओं से कहीं अधिक कठोर हैं। इस प्रकार यहां निहित स्कोपिंग और तकनीकी प्रावधान केवल CBC से जुड़े अनुच्छेदों के ही संदर्भ में हैं।

पहुँच (एक्सेसिबिलिटी) संबंधी सभी शर्तों के बारे में कैलिफोर्निया बिल्डिंग कोड देखें।[1]

प्रयुक्त संकेताक्षरों (संक्षिप्त रूपों) की सूची:

- **ADA**: अमेरिकी विकलांगता अधिनियम
- **CASp**: प्रमाणित एक्सेस विशेषज्ञ (सर्टिफाइड एक्सेस स्पेशलिस्ट)
- **CalCAP**: कैलिफोर्निया कैपिटल एक्सेस प्रोग्राम
- **CBC**: कैलिफोर्निया बिल्डिंग कोड
- **CCDA**: कैलिफोर्निया कमीशन ऑन डिसेबिलिटी एक्सेस (विकलांगता पहुंच या डिसेबिलिटी एक्सेस के बारे में कैलिफोर्निया आयोग)
- **CFILC**: इंडिपेंडेंट लिविंग सेंटर्स के लिए कैलिफोर्निया फाउंडेशन
- **CSLB**: ठेकेदारों का सरकारी लाइसेंस बोर्ड (कांट्रेक्टर्स स्टेट लाइसेंस बोर्ड)
- **DSA**: डिविजन ऑफ द स्टेट ऑर्किटेक्ट
- **EVCS**: इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशंस (बिजली चालित वाहन चार्जिंग स्टेशन)
- **ISA**: इंटरनेशनल सिंबल ऑफ एक्सेसिबिलिटी (पहुंच का अंतर्राष्ट्रीय चिन्ह)

[1]इंटरनेशनल कोड काउंसिल (ICC)। 2022 कैलिफोर्निया बिल्डिंग कोड, टाइटल 24, भाग 2, अंक 1, अध्याय 11B। मार्च 3, 2024 को एक्सेस किया गया। http://codes.iccsafe.org/content/CABC2022P1/chapter-11b-accessibility-to-public-buildings-public-accommodations-commercial-buildings-and-public-housing.

विषय सूची

इस टूलकिट को कैसे प्रयोग करें	1
यह आप और आपके ग्राहकों के लिए क्या मायने रखती है	1
परिभाषाएं	2
सर्टिफाइड एक्सेस स्पेशलिस्ट (CASp) क्या होता है?	2
जिम्मेदारियाँ और कानूनी दायित्व	4
पार्किंग एक्सेसिबिलिटी आकलन प्रश्न	5 - 6
सुविधा रखरखाव	7 - 9
बैरियर रिमूवल टैक्स क्रेडिट प्रोग्राम	9 - 10
बाहरी एक्सेसिबल मार्ग	11
एक्सेसिबल मार्ग को समझना	12
कर्ब रैम्प्स	13 - 14
एक्सेसिबल पार्किंग स्पेस की संख्या	14
आउटडोर डाइनिंग (बाहरी भोजनस्थल) के समीप वाले एक्सेसिबल पार्किंग स्पेसेज़	15
एक्सेसिबल पार्किंग स्पेस और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन (EVCS)	15
संसाधन	16 - 17
क्रेडिट	18 - 19

इस टूलकिट को कैसे प्रयोग करें

क्या आप जानते हैं कि कम से कम एक-तिहाई औपचारिक शिकायतें एक्सेसिबल पार्किंग और एक्सेसिबल मार्गों के बारे में ही होती हैं?

नीचे दिए गए टूलकिट और शिक्षा संबंधी जानकारी का उद्देश्य इन शिकायतों को टालने में आपकी मदद करना है। इस टूलकिट का उद्देश्य इसे CBC की खास जरूरतों के स्थान पर चेकलिस्ट की तरह इस्तेमाल करना नहीं है। बल्कि इसका उद्देश्य जागरूक बनाना, आमतौर पर आवश्यकताओं का सार-संक्षेप तैयार करना और सुधार के लिए उपलब्ध संसाधनों की जानकारी उपलब्ध कराना है। इस जानकारी को प्रमाणित एक्सेस विशेषज्ञ (CASp) या लाइसेंसशुदा डिजाइन प्रोफेशनल के आकलन अथवा किसी सक्षम वित्तीय या कानूनी सलाह की जगह इस्तेमाल करने का उद्देश्य नहीं है।

यह आप और आपके ग्राहकों के लिए क्या मायने रखती है

यह कानून है - 1990 में हस्ताक्षर होने के बाद ADA कानून बन गया था। इससे व्यापार और भवन स्वामियों को अपने सामान और सेवाओं तक स्वतंत्र एक्सेस (पहुंच) उपलब्ध कराने का कानूनी दायित्व निर्धारित हुआ है। कैलिफोर्निया राज्य के कानून और बिल्डिंग कोड भी हैं जिनके आधार पर एक्सेसिबिलिटी की शर्तें तय की जाती हैं। परिपालन न होने पर आप और आपके व्यापार पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। समझदार व्यापारी अपने दायित्वों को समझते हुए उन्हें प्राप्त करते हैं तथा उनका परिपालन सुनिश्चित करके कानूनी झंझटों और उन पर आने वाली भारी लागत से बचे रहते हैं।

यह करना सही भी है - विकलांगता वाले लोग उन चीजों तक स्वतंत्र पहुंच चाहते हैं जिन तक हम सामान्यतया पहुंच रखते हैं। जरूरी पहुंच उपलब्ध कराने से आपका व्यापार विकलांग लोगों के लिए खुल जाता है और ऐसा प्रभाव डालता है जिससे विकलांगों और उनके मित्रों तथा परिजनों के जीवन में बड़ा सुधार आ जाता है। यह केवल आपके समुदाय के लिए ही अच्छा नहीं है बल्कि आपके कारोबार के लिए भी लाभदायक है!

यह आप और आपके ग्राहकों के लिए क्या मायने रखती है

परिपालन जरूरी है - विकलांगों के लिए परिपालन करने वाला निर्माण अत्यधिक लाभकारी होता है। चलने-फिरने के लिए मोबिलिटी उपकरण की सहायता लेने वाले विकलांग व्यक्ति के लिए अनुपयुक्त या ज्यादा ढलवां वॉक-वे पर तेजी से गिरने या लुढ़कने की आशंका रहती है। इसे ध्यान में रखते हुए एक्सेसिबिलिटी के पहलु तय करने के विशेष मानक निर्धारित किए गए हैं। परिपालन जरूरी है।

परिभाषाएं

एक्सेसिबिलिटी (पहुंच) किसी इमारत, सुविधा, स्थल या क्षेत्र अथवा उसके किसी भाग के विभिन्न तत्वों या पहलुओं का सम्मिश्रण है जिसके माध्यम से किसी इमारत या सुविधा तक पहुंचने और उनमें भ्रमण करने तथा उनके पूरे प्रयोग जिसके माध्यम से विकलांग व्यक्तियों को कैलिफोर्निया बिल्डिंग कोड के अंतर्गत किसी इमारत या सुविधा तक पहुंचने, उसमें भ्रमण करने तथा उसके पूरे प्रयोग की सहूलियत मिल जाती है।

एक्सेस आइल (पहुंच गलियारा) एक्सेसिबल पार्किंग स्पेसेज़ (खाली स्थानों) के बीच की या उनसे लगी जगह होती है जिससे विकलांग व्यक्ति को अपने वाहन से बाहर निकलने और एक्सेसिबल मार्ग में जाने की जगह मिल जाती है जिससे इमारत में प्रवेश किया जा सकता है।

एक्सेसिबल मार्ग लगातार बिना रुकावट व्हील चेयर इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति के जाने लायक एक्सेसिबल पहलुओं और स्पेसेज़ को जोड़ता है जो अन्य विकलांगताओं वाले व्यक्तियों द्वारा भी सुविधापूर्वक प्रयोग किया जा सकता है। बाहरी एक्सेसिबल मार्गों में पार्किंग एक्सेस आइल्स, कर्ब रैम्प्स, व्हीक्यूलर रास्तों पर बने क्रॉस वॉक्स, वॉक रैम्प्स तथा लिफ्टें शामिल हैं।

एक्सेसिबिलिटी के अंतर्राष्ट्रीय प्रतीक (ISA) में नीली पृष्ठभूमि में सफेद रंग में व्हीलचेयर बनी होती है जिससे संकेत मिलता है कि ये इमारतें और सुविधाएं इस प्रकार डिजाइन की गई हैं कि विकलांग व्यक्ति आसानी से इन्हें प्रयोग कर सकें।

तकनीकी और औपचारिक परिभाषाओं के लिए कृपया कैलिफोर्निया बिल्डिंग कोड देखें।[2]

[2] इंटरनेशनल कोड काउंसिल (ICC)। 2022 कैलिफोर्निया बिल्डिंग कोड, टाइटल 24, भाग 2, अंक 1, अध्याय 11B। मार्च 3, 2024 को एक्सेस किया गया। http://codes.iccsafe.org/content/CABC2022P1/chapter-11b-accessibility-to-public-buildings-public-accommodations-commercial-buildings-and-public-housing.

प्रमाणित एक्सेस विशेषज्ञ क्या होता है?

प्रमाणित एक्सेस विशेषज्ञ (CASp) वह व्यक्ति होता है जिसके बारे में कैलिफोर्निया राज्य द्वारा प्रमाणित किया गया है कि उसे भवन-निर्माण से जुड़े एक्सेसिबिलिटी मानकों की विशेष जानकारी है।

प्रमाणित एक्सेसिबिलिटी विशेषज्ञ एक्सेसिबिलिटी परिपालन मुद्दों का निरीक्षण करके जांच रिपोर्ट उपलब्ध करा सकता है तथा डिसेबिलिटी एक्सेस जांच प्रमाणपत्र जारी कर सकता है।

निर क्षण (जांच) रिपोर्ट और विकलांगता पहुंच निर क्षण प्रमाणपत्र क्या होते हैं?

भवन निर्माण संबंधी एक्सेसिबिलिटी स्टैन्डर्ड कंप्लायंस एक्ट (सिविल कोड सेक्शन 55.51) की व्यवस्था के तहत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कारोबार या सुविधा का स्वामी स्वेच्छा से किसी प्रमाणित एक्सेसिबिलिटी विशेषज्ञ को अपनी सुविधा के परिपालन पहलुओं की जांच के लिए नियुक्त कर सकता है जो भवन निर्माण से जुड़े एक्सेसिबिलिटी मानकों के हिसाब से निरीक्षण करेगा। अपनी सुविधा की जांच के लिए प्रमाणित एक्सेस विशेषज्ञ नियुक्त करके सुविधा या कारोबार के स्वामी को एक्सेसिबिलिटी से जुड़े उल्लंघनों के बारे में बताकर सुधार किए जा सकते हैं तथा लागू एक्सेसिबिलिटी मानकों के परिपालन की सुचारू व्यवस्था करके मुकदमा होने की हालत में कानूनी लाभ प्राप्त किए जा सकते हैं।

प्रमाणित एक्सेसिबिलिट विशेषज्ञ (CASp) की रिपोर्ट के क्या लाभ हैं?

भवन या सुविधा की आयु और उसमें हुए अब तक के सुधारों के आधार पर प्रमाणित एक्सेसिबिलिटी विशेषज्ञ जान लेता है कि वहां कौन से मानक लागू होते हैं। आर्किटेक्ट या इंजीनियर जैसा लाइससेंसशुदा डिजाइन प्रोफेशनल एक्सेस परिपालन आकलन तो कर सकता है लेकिन भवन निर्माण संबंधी एक्सेसिबिलिटी मुकदमे की हालत में केवल प्रमाणित एक्सेसिबिलिटी विशेषज्ञ ही ऐसी सेवाएं उपलब्ध करा सकता हे जो "मान्य बचाव" समझी जाएंगी। प्रमाणित एक्सेसिबिलिटी विशेषज्ञ नियुक्त कर लेने तथा निरीक्षण रिपोर्ट प्राप्त करने और परिपालन हेतु आवश्यक सुधार कर लेने से व्यापार या सुविधा स्वामी के मुकदमे में फंसने की संभावना नहीं रहती और उसके विरुद्ध मुकदमा दायर होने की स्थिति में एक्सेसिबिलिटी दावा किए जाने पर उसे विशेष कानूनी लाभ मिलते हैं।

अधिक जानकारी और प्रमाणित एक्सेसिबिलिटी विशेषज्ञों की वर्तमान सूची के लिए कृपया डिविजन ऑफ द स्टेट आर्किटेक्ट (DSA) से संपर्क करें।[3]

[3] “CASp संपत्ति निरीक्षण।” http://www.dgs.ca.gov. नवंबर 18, 2022 को एक्सेस किया गया। https://www.apps2.dgs.ca.gov/DSA/casp/casp_certified_list.aspx

जिम्मेदारियाँ और कानूनी दायित्व

ADA संघीय नागरिक अधिकार कानून है। ADA के तहत किसी भी व्यापार को विकलांग व्यक्तियों के लिए अपनी वस्तुओं और सेवाओं तक पहुंच उपलब्ध करानी होती है। जनवरी 26, 1993 के बाद निर्मित सुविधाओं में उनके निर्माण के समय लागू मानकों का परिपालन होना चाहिए और मानकों का परिपालन बनाए रखना भी आवश्यक है। उक्त तारीख से पहले निर्मित सुविधाओं के मालिकों को आसानी से या कोई खास खर्च किए बिना ही बाधाएं तुरन्त हटानी होंगी। जिस स्वामी ने तय कर लिया है कि ऐसी भौतिक बाधा को शुरू में हटाना संभव नहीं था तो उसे समय-समय पर यह आकलन करते रहना होगा कि क्या बाद में किसी समय उस बाधा को हटाया जा सकेगा ताकि उस जगह कानून के तहत एक्सेसिबिलिटी उपलब्ध कराई जा सके।

ADA और कैलिफोर्निया के कानून के अंतर्गत संपत्ति के स्वामी और किरायेदार/कारोबार के स्वामी, दोनों ही, यह सुनिश्चित करने के जिम्मेदार होंगे कि सुविधाएं एक्सेसिबल हों। इसलिए यह तय करने के लिए लीज़ अग्रीमेंट (पट्टे) की जांच करना जरूरी है ताकि तय हो सके कि इन सुविधाओं को एक्सेसिबल बनाए रखने का दायित्व कौन से पक्ष का है।

कैलिफोर्निया में जनवरी 1, 2017 को या उसके बाद होने वाले प्रत्येक किराया समझौते या लीज़ में व्यापारिक संपत्ति के मालिक को बताना जरूरी होगा कि उस परिसर का प्रमाणित एक्सेसिबिलिटी विशेषज्ञ ने निरीक्षण किया है या नहीं। यदि निरीक्षण नहीं कराया गया है तो मालिक को चाहिए कि प्रमाणित एक्सेसिबिलिटी विशेषज्ञ नियुक्त करने की अनुमति वह किरायेदार को दे तथा मरम्मत की लागत मिलकर सहने पर दोनों को सहमत होना पड़ेगा।

यदि मालिक ने संपत्ति (प्रॉपर्टी) का निरीक्षण प्रमाणित एक्सेसिबिलिटी विशेषज्ञ से करा रखा है तो उसे लीज़ या किराये समझौते के लागू होने से 48 घंटे पहले संभावित किरायेदार को प्रमाणित एक्सेसिबिलिटी विशेषज्ञ की रिपोर्ट देखने का मौका देना चाहिए और यदि यह मौका नहीं दिया जाता तो किरायेदार को लीज़ या किराया समझौता निरस्त करने का अधिकार होगा तथा इसके लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने के 72 घंटे बाद तक समझौते को रिपोर्ट में दी गई सूचना के आधार पर निरस्त किया जा सकेगा। (नागरिक संहिता अनुच्छेद 1938)।[4]

[4] कैलिफोर्निया विधायी सूचना। "कैलिफोर्निया सिविल कोड सेक्शन 1938।" अगस्त 25, 2023 को एक्सेस किया गया। https://leginfo.legislature.ca.gov/faces/codes_displaySection.xhtml?sectionNum=1938&lawCode=CIV

पार्किंग एक्सेसिबिलिटी आकलन प्रश्न

नीचे दिए किसी भी प्रश्न का उत्तर "नहीं" होने का मतलब होगा कि आपकी पार्किंग सुविधा में एक्सेसिबिलिटी मानकों का उल्लंघन हुआ है।

नीचे दी गयी सूची में पार्किंग सुविधाओं की सभी एक्सेसिबिलिटी आवश्यकताएं शामिल नहीं हैं और यह ऐसी चैकलिस्ट नहीं है जिसके आधार पर आपकी सुविधा में मानकों के परिपालन को स्वयं ही निश्चित माना जा सके।

कृपया निरीक्षण में सहयोग के लिए प्रमाणित एक्सेसिबिलिटी विशेषज्ञ से संपर्क करें।

लोकेशन और प्रबंध

क्या एक्सेसिबल पार्किंग स्पेस और एक्सेस आइल्स इस प्रकार डिजाइन किए गए हैं कि उन्हें प्रयोग करने वाले व्यक्तियों को उस पार्किंग स्पेस से पीछे वाले पार्किंग स्पेसेज़ तक नहीं जाना पड़ेगा जिसमें उन्होंने अपना वाहन पार्क किया था?

क्या कर्ब अथवा व्हील स्टॉप है ताकि वाहन साथ वाले एक्सेसिबल मार्ग की आवश्यक चौड़ाई से अधिक किसी भी अतिक्रमण को रोक सके?

क्या एक्सेस आइल से सटा हुआ कोई एक्सेसिबल मार्ग सुविधा तक प्रवेश के लिए है?

एक्सेसिबल पार्किंग स्पेसेज़ का साइज़

क्या एक्सेसिबल पार्किंग स्पेस कम से कम 18 फुट लम्बे हैं?

क्या एक्सेसिबल पार्किंग स्पेस कम से कम 9 फुट चौड़े हैं?

क्या एक्सेसिबल वैन स्पेस कम से कम 12 फुट चौड़े हैं और क्या उनके साथ 5 फुट चौड़ी एक्सेस आइल भी है; या वैन स्पेस 9 फुट चौड़े हैं और उनके साथ 8 फुट चौड़ी आइल बनी है?

एक्सेसिबल पार्किंग एक्सेस आइल्स

क्या एक्सेस आइल्स कम से कम 5 फुट चौड़ी हैं?

क्या एक्सेस आइल्स कम से कम उतनी ल्मबी हैं जितने लम्बे वे पार्कंग स्पेस हैं जिन तक वे सेवा-सुविधा पहुंचाती हैं?

वैन-एक्सेसिबल पार्किंग स्पेस वाली सुविधा में क्या एक्सेस आइल पार्किंग स्पेस की पैसेंजर वाली साइड में है?

पार्किंग एक्सेसिबिलिटी आकलन प्रश्न

नीचे दिए किसी भी प्रश्न का उत्तर "नहीं" होने का मतलब होगा कि आपकी पार्किंग सुविधा में एक्सेसिबिलिटी मानकों का उल्लंघन हुआ है।

नीचे दी गयी सूची में पार्किंग सुविधाओं की सभी एक्सेसिबिलिटी आवश्यकताएं शामिल नहीं हैं और यह ऐसी चैकलिस्ट नहीं है जिसके आधार पर आपकी सुविधा में मानकों के परिपालन को स्वयं ही निश्चित माना जा सके।

कृपया निरीक्षण में सहयोग के लिए प्रमाणित एक्सेसिबिलिटी विशेषज्ञ से संपर्क करें।

एक्सेसिबल पार्किंग स्पेस और एक्सेस आइल सतहें

क्या सतह ढलान सभी दिशाओं में 1:48 (2.08%) से अधिक नहीं है?

क्या एक्सेसिबल पार्किंग स्पेस और एक्सेस आइल सतह स्थिर, टिकाऊ, मजबूत और फिसलन रोधक हैं?

क्या एक्सेसिबल पार्किंग स्पेस और एक्सेस आइल्स के लेवल में कोई फर्क तो नहीं है?

सतह मार्किंग्स

क्या एक्सेस आइल नीले बॉर्डर से मार्क (चिन्हित) की गई है?

क्या एक्सेस आइल्स नीली या सफेद कोणीय रेखाओं से मार्क की गई हैं जो एक-दूसरे से 36 इंच से ज्यादा फासले पर नहीं हैं?

क्या "नो पार्किंग" का निशान सफेद अक्षरों में एक्सेस आइल के भीतर कम से कम 12 इंच ऊंचाई के अक्षरों में रखा/लगाया गया है जो साथ वाले वाहन मार्ग से भी दिखाई दे?

क्या प्रत्येक एक्सेसिबल पार्किंग स्पेस पर ISA मार्क लगा है?

क्या ISA प्रतीक नीली पृष्ठभूमि पर सफेद रंग के कम से कम 36 इंच चौड़े और 36 इंच ऊंचे शब्दों में बना है?

क्या ISA चिन्ह के सेंटरलाइन (मध्य रेखा) पार्किंग स्पेस की सेंटरलाइन से 6 इंच से ज्यादा फासले पर नहीं है?

क्या ISA की साइडें पार्किंग स्पेस की लम्बाई के समानान्तर हैं और इसका नीचे वाला कोना पार्किंग स्पेस के सिरे पर है या इसकी निचली साइड पार्किंग स्पेस के सिरे की सीध में है?

पार्किंग एक्सेसिबिलिटी आकलन प्रश्न

नीचे दिए किसी भी प्रश्न का उत्तर "नहीं" होने का मतलब होगा कि आपकी पार्किंग सुविधा में एक्सेसिबिलिटी मानकों का उल्लंघन हुआ है।

नीचे दी गयी सूची में पार्किंग सुविधाओं की सभी एक्सेसिबिलिटी आवश्यकताएं शामिल नहीं हैं और यह ऐसी चैकलिस्ट नहीं है जिसके आधार पर आपकी सुविधा में मानकों के परिपालन को स्वयं ही निश्चित माना जा सके।

कृपया निरीक्षण में सहयोग के लिए प्रमाणित एक्सेसिबिलिटी विशेषज्ञ से संपर्क करें।

चिन्ह

क्या प्रत्येक एक्सेसिबल पार्किंग स्पेस पर नीली पृष्ठभूमि में सफेद रंग में ISA संकेत बना है ?
क्या इस चिन्ह पर ISA के नीचे लिखा है कि "न्यूनतम जुर्माना $ 250"?
क्या "वैन एक्सेसिबल'' लिखा कोई संकेत है जिससे वैन एक्सेसिबल पार्किंग स्पेसेज़ की पहचान हो सके?
क्या संकेत स्थायी रूप से पार्किंग स्पेस के ठीक आगे लगाए गए हैं या पार्किंग स्पेस की निर्धारित चौड़ाई ठीक पार्किंग स्पेस के सिरे पर लगे हैं अथवा पार्किंग स्पेस के आखिर में दीवार पर लगाए गए हैं?
क्या संकेतकों के निचले सिरे और फिनिश फर्श या भू-सतह के बीच कम से कम 60 इंच का फासला है?
यदि संकेतक गोलाकार मार्ग में लगा है तो क्या संकेतक का पेंदा अथवा निचला भाग फर्श या ज़मीन से कम से कम 80 इंच की ऊंचाई पर है?
क्या पार्किंग सुविधा के प्रत्येक प्रवेश पर अतिरिक्त संकेतक है (या एक्सेसिबल पार्किंग से सटे स्थान पर है जो प्रत्येक पार्किंग स्पेस से दिखाई दे) जिसके माध्यम से एक्सेसिबल पार्किंग स्पेसेज़ में वाहन पार्क करने की अनधिकृत चेष्टा करने वालों के लिए चेतावनी दी जाए कि 'टो' की गई उनकी कारें किस स्थान पर मिलेंगी?

सुविधा रखरखाव

प्रत्येक सुविधा में एक्सेसिबल फीचर्स (विशेषताओं) का रखरखाव आवश्यक है। पार्किंग री-स्ट्रिपिंग (लाइनें फिर से खींचने) जैसे रख-रखास कार्य सुनिश्चित करने से एक्सेसिबिलिटी प्रावधानों का उल्लंघन नहीं होता और न किसी प्रकार का समझौता होता है इसलिए यह सुनिश्चित करने के लिए किसी प्रमाणित एक्सेसिबिलिटी विशेषज्ञ से संपर्क करके रख-रखाव से पहले ही उनकी सहायता प्राप्त कर लें।

प्रमाणित एक्सेसिबिलिट विशेषज्ञ (CASp) कैसे ढूंढें?

प्रमाणित एक्सेसिबिलिटी विशेषज्ञों की सूची के लिए कृपया इस लिंक से डिविजन ऑफ द स्टेट आर्किटेक्टस वेबसाइट पर जाकर संपत्ति के निरीक्षण के बारे में सूचना प्राप्त की जा सकती है:

https://www.apps2.dgs.ca.gov/DSA/casp/casp_certified_list.aspx

ठेकेदार कैसे ढूंढा जाए?

ठेकेदारों का राज्य लाइसेंस बोर्ड (CSLB) भवन निर्माण से जुड़े मामलों में लोगों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और सामान्य कल्याण को बढ़ावा देने वाली नीतियों के माध्यम से निर्माण उद्योग का नियमन करके उपभोक्ताओं को संरक्षण प्रदान करता है। अधिक जानकारी के लिए CSLB की वेबसाइट https://www.cslb.ca.gov/ पर एक्सेस करें। CSLB ठेकेदारों का नियमन करता है और विभिन्न प्रकार के निर्माण क्षेत्रों में ठेकेदार के रूप में काम करने वाले के लिए लाइसेंस जारी करता है। CSLB उपभोक्ताओं को लाइसेंसशुदा उपयुक्त ठेकेदार प्राप्त करने में उपभोक्ताओं की मदद के लिए अपनी वेबसाइट पर उपयोगी जानकारी भी उपलब्ध कराता है। जानकारी के लिए CSLB की वेबसाइट देखें।[5]

यह सुनिश्चित करने के लिए रख-रखाव योजना तैयार करें कि एक्सेसिबल फीचर्स का सही रख-रखाव होता रहे।

प्रत्येक व्यापार और सुविधा स्वामी को ऐसी रख-रखाव योजना तैयार करनी चाहिए जिससे ऐसी पक्की व्यवस्था हो सके कि निर्माण के समय लागू मानकों का परिपालन होता रहे। रख-रखाव मुद्दों पर अतिरिक्त लागत आ सकती है इसलिए उसी हिसाब से बजट बनाएं।

CCDA के अनुसार निर्माण से जुड़ी विकलांगता एक्सेस के बारे में 10 कथित अहम उल्लंघनों में से एक्सेसिबल पार्किंग संबंधी उल्लंघन ही मुख्यत: भेदभाव के खिलाफ दायर मुकदमों के आधार होते हैं। ऐसे में, कारोबार का मालिक चाहेगा कि सबसे पहले बाहरी एक्सेसिबिलिटी के मुद्दे पर ध्यान दिया जाए। उचित रहेगा कि एक्सेसिबिलिटी रख-रखाव प्रयासों का रिकॉर्ड तारीखों, चित्रों और रसीदों के साथ रखा जाए क्योंकि इससे आपके खिलाफ भेदभाव का दावा दायर होने की स्थिति में यह साबित हो सकेगा कि एक्सेसिबल फीचर्स (पहलुओं) के रख-रखाव के प्रति आप ईमानदारी और लगन से काम करते रहे हैं।

[5] "CSLB - कैलिफोर्निया राज्य लाइसेंस बोर्ड।" https://www.cslb.ca.gov/. नवम्बर 18, 2022 को एक्सेस किया गया। https://www.cslb.ca.gov/.

कर्मचारियों को प्रशिक्षित बनाएं।

कर्मचारियों को विकलांगता से जुड़े शिष्टाचार के बारे में प्रशिक्षित करें ताकि वे विकलांगता वाले ग्राहकों को सेवा उपलब्ध कराते समय, पशुओं को सेवा प्रदान करते वक्त और एक्सेसिबल फीचर्स के रख-रखाव संबंधी शिष्ट व्यवहार अपनाएं।

स्थानीय विकलांगता प्रशिक्षण और अतिरिक्त जानकारी के लिए कृपया कैलिफोर्निया फाउंडेशन फॉर इंडिपेंडेंट लिविंग सेंटर्स (CFILC) से संपर्क करें।[6]

बैरियर रिमूवल टैक्स क्रेडिट प्रोग्राम

बाधाएं हटाने की लागत की भरपाई के लिए व्यापारी संघीय सरकार से डिसेबल्ड एक्सेस क्रेडिट ($10,000 तक) और ऑर्किटेक्वरल बाधाएं हटाने पर कर-कटौती ($15,000 तक) पाने के पात्र हैं। पात्र छोटे कारोबारियों को डिसेबल्ड एक्सेस क्रेडिट उपलब्ध कराया जाता है और ऑर्किटेक्वरल बैरियर हटाने पर कर-छूट सभी व्यापारियों के लिए उपलब्ध है। बैरियर हटाने की लागत में खर्च शामिल नहीं रहेगा जो नवम्बर 5, 1990 के बाद किसी भी पहली बार लगायी सुविधा पर किया गया है।

डिसेबल्ड टैक्स क्रेडिट के तहत योग्य दुभाषिये उपलब्ध कराने या बहरे अथवा ऊंचा सुनने वालों को ऑडियो सामग्री उपलब्ध कराने के या दृष्टिबाधितों के लिए दृश्य सामग्री जुटाने अथवा विकलांग व्यक्तियों के लिए उन्नत उपकरण और सामग्री की व्यवस्था करने पर होने वाले उपयुक्त और आवश्यक खर्च की भरपाई भी की जा सकती है। क्रेडिट और छूट का अधिकतम लाभ लेने के लिए कृपया इंटरनल रेवेन्यू सर्विस (IRS) की वेबसाइट देखें।[7]

[6] "CFILC - कैलिफोर्निया फाउंडेशन फॉर इंडिपेंडेंट लिविंग सेंटर्स'।" http://www.cfilc.org. नवम्बर 18, 2022 को एक्सेस किया गया। https://www.cfilc.org.

[7] "'व्यापारियों के लिए IRS टैक्स जानकारी।" https://www.irs.gov/. नवम्बर 18, 2022 को एक्सेस किया गया। https://www.irs.gov/businesses.

बैरियर रिमूवल टैक्स क्रेडिट प्रोग्राम

कैलिफोर्निया कैपिटल एक्सेस प्रोग्राम (CalCAP), अमेरिकन्स विद डिसेबिलिटीज एक्ट (CalCAP/ADA) फाइनेंसिंग प्रोग्राम ऐसे पात्र छोटे कारोबारियों की मदद करता है जो ADA के प्रावधानों का परिपालन करने हेतु मौजूदा छोटी व्यापार सुविधाओं में बदलाव करने या उनकी रेट्रोफिटिंग पर खर्चा करते हैं। यदि व्यापारी CalCAP/ADA फाइनेंसिंग प्रोग्राम में पंजीकरण करा लें तो उन्हें ऋणदाता से अधिक आसान शर्तों पर ऋण मिल सकता है। इस ऋण के बारे में अधिक जानने के लिए कैलिफोर्निया पॉल्यूशन कंट्रोल फाइनेंसिंग अथॉरिटी ADA प्रोग्राम से संपर्क करें।[8]

संघीय कर प्रोत्साहनों के बारे में और जानकारी के लिए कृपया ADA नेशनल नेटवर्क क्विक टिप्स एंड टैक्स इंसेंटिव्ज देखें।[9]



[8] "CalCAP/ADA प्रोग्राम" https://www.treasurer.ca.gov/. नवम्बर 18, 2022 को एक्सेस किया गया। https://www.treasurer.ca.gov/cpcfa/calcap/ada/faq-ada.asp.

[9] "ADA क्विक टिप्स - कर प्रोत्साहन।" http://www.adata.org. नवम्बर 30, 2022 को एक्सेस किया गया। https://adata.org/factsheet/quicktips-tax.

बाहरी एक्सेसिबल मार्ग

एक्सेसिबल पार्किंग स्पेसेज़ से एक्सेसिबल मार्ग देना विकलांग लोगों के लिए आपके बिजनेस द्वार तक पहुंचने के लिए जरूरी है।

एक्सेसिबल पार्किंग स्पेस एक्सेसिबल द्वार तक छोटे से छोटे एक्सेसिबल मार्ग पर ही होने चाहिए।

यदि पार्किंग एक से अधिक एक्सेसिबल प्रवेशों के लिए प्रयोग हो रही है तो इसके पार्किंग स्पेसेज़ को हटाकर उन्हें एक्सेसिबल प्रवेश तक जा रहे सबसे छोटे प्रवेश मार्ग पर लगा दिए जायेगा।

विस्तृत शर्तों के लिए कृपया कैलिफोर्निया बिल्डिंग कोड देखें।[10]

विचार करने वाली बातें:	• एक्सेसिबल मार्ग पर रनिंग ढलान और क्रॉस ढलान क्या क्रमश: 1:20 और 1:48 पर हैं? • इस्तेमाल की गई सामग्री का प्रकार – क्या ये मजबूत और फिसलन रोधक हैं? • लेवल बदलाव – क्या इनमें 1/4" का वर्टिकल बदलाव है या 1/4" से 1/2" के लेवल बदलाव के लिए 1:2 से ज्यादा का ढलान तो नहीं है?

एक्सेसिबल मार्ग को समझना

एक्सेसिबल मार्ग ऐसा लगातार, बाधारहित रास्ता है जो किसी एक्सेसिबल मार्ग स्थल, इमारत या सुविधा के एक्सेसिबल भागों और स्पेसेज़ को जोड़ता है जिन तक व्हीलचेयर इस्तेमाल करने वाला विकलांग व्यक्ति आ-जा सकता है और जिन्हें अन्य विकलांगताओं वाले लोग भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

भीतरी एक्सेसिबल मार्ग इमारत के भीतर के सभी एक्सेसिबल सुविधाओं और स्पेसेज़ को जोड़ने वाला होना चाहिए जिनमें कॉरिडोर, हॉलवे, फ्लोर्स, रैम्प्स, लिफ्ट और एलिवेटर शामिल हैं।



बाहरी एक्सेसिबल मार्ग एक्सेसिबल पार्किंग स्पेस और पब्लिक साइडवॉक से शुरू होते हैं और इनमें कर्ब रैम्प, वॉक और रैम्प, आदि शामिल हैं। जहां CBC अनुमति देता है वहां प्लेटफॉर्म लिफ्ट इस्तेमाल की जा सकती है।[10]



[10] इंटरनेशनल कोड काउंसिल (ICC)। 2022 कैलिफोर्निया बिल्डिंग कोड, टाइटल 24, भाग 2, अंक 1, अध्याय 11B। मार्च 3, 2024 को एक्सेस किया गया। http://codes.iccsafe.org/content/CABC2022P1/chapter-11b-accessibility-to-public-buildings-public-accommodations-commercial-buildings-and-public-housing.

कर्ब रैम्प्स

पार्किंग लॉट लेवल और एक्सेसिबल प्रवेश को जाने वाले वॉक के बीच एक्सेसिबल लिंक के तौर पर कर्ब रैम्प है। मानकों के अनुरूप नहीं होने पर कर्ब रैम्प खतरनाक हो सकते हैं और संपत्ति के मालिक के लिए बड़ा बोझ बन सकते हैं। इसलिए जरूरी है यह सही तरीके से बना हो।

कर्ब रैम्प कम से कम 4 फुट चौड़ा होता है और इसका ढलान हल्का रखा जाता है ताकि व्हीलचेयर से चलने वाले लोग एक्सेसिबल पार्किंग स्पेस से इमारत के प्रवेश द्वार तक सुगमता से आ-जा सकें। कर्ब रैम्प न होने पर व्हीलचेयर इस्तेमाल करने वाले लोग वॉक तक नहीं पहुंच सकेंगे।

CBC में कर्ब रैम्प की कई विस्तृत जरूरी बातें हैं जिनमें से सबसे जरूरी है:

कर्ब का ढलान: कर्ब रैम्प का अधिकतम स्वीकृत ढलान 1:12 या 8.33% है। 1:12 या 8.33% से अधिक वाले ढलान पर व्हीलचेयर से आने-जाने में बेहद मुश्किल होती है। ढलान की अंतिम जांच आमतौर पर बिल्डिंग इंस्पेक्टर या प्रमाणित एक्सेसिबिलिटी विशेषज्ञ 2 फूट लम्बे डिजिटल लेवल से करते हैं।



कर्ब रैम्प्स (जारी)

फ्लेयर्ड साइड्स और लैंडिंग्स के ढलान के लिए कर्ब रैम्प्स में अतिरिक्त व्यवस्था होती है, और साफ दिखाई देने वाली चेतावनी होनी चाहिए कि कर्ब के किनारों पर कहां अचानक ज्यादा झटके लगने की संभावना है तथा इसे खासतौर पर पीले रंग में दिखाना होता है। दृष्टिहीनों तथा दृष्टिबाधितों के लिए साफ पता लग सकने वाली चेतावनी लगाई जाती है ताकि उन्हें पता चल जाए कि वे वाहनों वाले क्षेत्र में या सड़क पर पहुंच रहे हैं।

विभिन्न प्रकार के कर्ब रैम्पों की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया CBC 11B-406 देखें।

साफ दिखने वाली चेतावनियों की विस्तृत जानकारी के लिए CBC 11B-705 देखें।

एक्सेसिबल पार्किंग स्पेस की संख्या

पार्किंग सुविधा में उपलब्ध पार्किंग स्पेस की कुल संख्या	आवश्यक एक्सेसिबल पार्किंग स्पेस की न्यूनतम संख्या
1 से 25 तक	1
26 से 50 तक	2
51 से 75 तक	3
76 से 100 तक	4
101 से 150 तक	5
151 से 200 तक	6
201 से 300 तक	7
301 से 400 तक	8
401 से 500 तक	9
501 से 1000 तक	कुल का 2%
1,001 और इससे ज्यादा	20, प्रत्येक 100 या उसके अंश के लिए 1; (1,000 से ज्यादा तक)।

नीचे CBC तालिका 11B-208.2 की प्रति है। यह जानने के लिए CBC 208.2.4 देखें कि कुल एक्सेसिबल पार्किंग स्पेस में से कितने वैन एक्सेसिबल हैं (जिनमें वैन जा सकती हैं)।

आउटडोर डाइनिंग (बाहरी भोजनस्थल) के समीप वाले एक्सेसिबल पार्किंग स्पेसेज़

आउटडोर डाइनिंग एरिया अक्सर उन जगहों पर बनाएं जहां मूल रूप से पार्किंग स्पेस बने थे। जब मूल पार्किंग स्पेस की जगह में ही आउटडोर डाइनिंग एरिया बनाए जाते हैं तो जरूरी है कि एक्सेसिबल पार्किंग स्पेस सेवा से हटाए न जाएं। कृपया ज्यादा दिशानिर्देश के लिए स्थानीय प्राधिकरण से संपर्क करें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया CCDA की ओपन-एयर डाइनिंग और कर्बसाइड पिकअप डिसेबिलिटी एक्सेस शर्तों को देखें।[11]

एक्सेसिबल पार्किंग स्पेस और बिजली चालित वाहन चार्जिंग स्टेशन

बिजली चालित वाहन चार्जिंग स्टेशन (EVCS) पार्किंग स्पेस नहीं हैं। सार्वजनिक आवास वाले स्थानों में EVCS और पार्किंग अलग-अलग सेवाएं हैं जो व्यापार या सुविधा का मालिक उपलब्ध कराता है। जरूरी नहीं कि बिजली चालित वाहनों के चालक पार्क करते समय हर बार वाहन चार्ज करेंगे। इसलिए कैलिफोर्निया कानून के तहत EVCS विशेष रूप से चार्जिंग के लिए रिजर्व रहते हैं।

EVCS की संख्या बढ़ाने पर उपलब्ध पार्किंग स्पेस की संख्या कम रह जाएगी जिससे आवश्यक एक्सेसिबल पार्किंग स्पेस की संख्या भी घट जाएगी। एक्सेसिबल पार्किंग स्पेस को EVCS में बदलने से पहले CBC तालिका 11B-208.2 (पृष्ठ 10) को देख लें।

जब आम लोगों के लिए उपलब्ध सुविधा में EVCS उपलब्ध कराए जाएंगे तो CBC के अनुच्छेद 11B-228.3 और 11B-812 में बताई व्यवस्था के अनुरूप विकलांग लोगों के लिए एक्सेसिबल (सुगम) EVCS भी उपलब्ध कराए जाएंगे। EVCS के लिए एक्सेसिबल पार्किंग स्पेस से एक्सेसिबिलिटी की अलग शर्तें होती हैं।

किसी भी एक्सेसिबल पार्किंग स्पेस और एक्सेसिबल EVCS के लिए एक ही एक्सेस आइल हो सकती है।

प्रमाणित एक्सेसिबिलिटी विशेषज्ञ की जांच से आपके द्वारा आपकी संपत्ति में उपलब्ध कराए EVCS की एक्सेसिबिलिटी तय करने में मदद मिलेगी और यदि आप अपनी संपत्ति में EVCS इंस्टॉल करना चाहें तो कृपया लाइसेंसधारी डिजाइन प्रोफेशनल का परामर्श लेना चाहिए। EVCS एक्सेसिबिलिटी शर्तों की अधिक जानकारी के लिए डिविजन ऑफ द स्टेट आर्किटेक्ट द्वारा उपलब्ध कराया वीडियो देख लें। https://www.youtube.com/watch?v=5Wd5Cjl50HM&t=1688s



[11] "'ओपन-एयर डाइनिंग और कर्वसाइड पिकअप डिसेबिलिटी एक्सेस शर्तें।" https://www.dgs.ca.gov/CCDA. नवम्बर 15, 2022 को एक्सेस किया गया। https://www.dgs.ca.gov/en/CCDA/Business-Connect.

संसाधन

इस प्रकाशन (पुस्तिका) में शामिल जानकारी कैलिफोर्निया मानकों पर आधारित है। संघीय मानक कम सख्त हो सकते हैं और ये मानक ADA नेशनल नेटवर्क (https://adata.org/) पर उपलब्ध हैं।

कैलिफोर्निया के बिल्डिंग कोड और मानकों की जानकारी के लिए कृपया कैलिफोर्निया बिल्डिंग स्टैंडर्डस कमीशन (BSC) से (https://www.dgs.ca.gov/BSC) पर संपर्क करें।

एक्सेस प्रोग्रामों के बारे में जानकारी के लिए कैलिफोर्निया कैपिटल एक्सेस प्रोग्राम (CalCAP) (https://www.treasurer.ca.gov/cpcfa/calcap/ada/faq-ada.asp) देखें।

कैलिफोर्निया के एक्सेसिबिलिटी कानूनों और मार्गदर्शन के लिए, कैलिफोर्निया कमीशन ऑन डिसेबिलिटी एक्सेस (CCDA) से (https://www.dgs.ca.gov/CCDA) पर संपर्क करें।

कैलिफोर्निया के एक्सेसिबिलिटी कानूनों और मार्गदर्शन के लिए कैलिफोर्निया डिपार्टमेंट ऑफ रिहैबिलिटेशन अर्थात् कैलिफोर्निया पुनर्वास विभाग (DOR) (https://www.dor.ca.gov) से संपर्क करें।

कैलिफोर्निया के एक्सेसिबिलिटी कानूनों के बारे में जानकारी, परिपालन के बारे में सलाह या एक्सेसिबिलिटी शर्तों के बारे में स्वयं विश्लेषण के लिए कैलिफोर्निया डिविज़न ऑफ द स्टेट आर्किटेक्ट (DSA) से (https://www.dgs.ca.gov/en/DSA) संपर्क करें।

कैलिफोर्निया प्रमाणित एक्सेस विशेषज्ञ (CASp) के लिए कैलिफोर्निया डिविजन ऑफ द स्टेट आर्किटेक्ट (DSA) से संपर्क करें – CASp संपत्ति निरीक्षण (http://www.dgs.ca.gov/casp)।

स्थानीय कार्यक्रमों के बारे में जानकारी के लिए कैलिफोर्निया फाउंडेशन फॉर इंडिपेंडेंट लिविंग सेंटर्स (CFILC) (https://www.cfilc.org/) से संपर्क करें।

संसाधन

कैलिफोर्निया कार्यक्रमों के बारे में जानकारी के लिए कैलिफोर्निया गवर्नर्स ऑफिस ऑफ बिजनेस एंड इकोनोमिक डेवेलपमेंट से (https://www.business.ca.gov) पर संपर्क करें।

CASI एक्सेस करने के लिए, सर्टिफाइड एक्सेस स्पेशलिस्ट इंस्टीट्यूट (CASI) (https://www.casinstitute.org) से संपर्क करें।

ठेकेदार को लाइसेंस दिलाने के लिए डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर्स कांट्रेक्टर्स स्टेट लाइसेंस बोर्ड (CSLB) (https://www.cslb.ca.gov) से संपर्क करें।

प्रोत्साहन संबंधी जानकारी के लिए इंटरनल रेवेन्यू सर्विस (IRS) – बिजनेसेज़ (https://www.irs.gov/businesses) से संपर्क करें।

इस प्रकाशन (पुस्तिका) में शामिल जानकारी कैलिफोर्निया मानकों पर आधारित है। संघीय मानकों के बारे में जानकारी अमेरिकी न्याय विभाग (DOJ) – सिविल राइट्स डिविजन डिसेबिलिटी राइट्स सेक्शन से (https://www.ada.gov) पर प्राप्त की जा सकती है।

इस प्रकाशन (पुस्तिका) में शामिल जानकारी कैलिफोर्निया मानकों पर आधारित है। कैलिफोर्निया बिल्डिंग कोड (2022) एक्सेस करने के लिए http://codes.iccsafe.org/content/CABC2022P1/chapter-11b-accessibility-to-public-buildings-public-accommodations-commercial-buildings-and-public-housing देखें।

स्थानीय प्रोग्राम और प्रशिक्षणों के लिए पेसिफिक ADA सेंटर (https://www.adapacific.org/) से संपर्क करें।

इस प्रकाशन (पुस्तिका) में शामिल जानकारी कैलिफोर्निया मानकों पर आधारित है। संघीय मानकों के बारे में जानकारी के लिए अमेरिकी एक्सेस बोर्ड से (https://www.access-board.gov/) पर संपर्क करें।

क्रेडिट

CCDA चैकलिस्ट कमेट – एक्सेसिबल पार्किंग कैंपेन ADA संयोजक और व्यापार स्वामी तथा ऑपरेटर्स वर्क ग्रुप

Drake Dillard — CCDA कमिश्नर (आयुक्त); सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर, पर्किंस एंड विल

Brandon Estes — विश्लेषक, कैलिफोर्निया बिल्डिंग मानक आयोग (BSC)

Shannon M. Mulhall, CASp — सीनियर HR विश्लेषक, फ्रेस्नोशहर, विशेष कार्यक्रम पीठ, प्रमाणित एक्सेस विशेषज्ञ संस्थान (CASI)

Mehdi Shadyab, CASp — स्ट्रक्वरल इंजीनियर, सैन दिएगो शहर

Bill Zellmer, CASp — प्रोग्राम मैनेजर फिजिकल एक्सेस और रेग्युलेटरी (नियामक) मामले, सटर हेल्थ

Ike Nnaji, CASp — प्रेजीडेंट डिसेबिलिटी एक्सेस स्पेशलिस्ट

CCDA चैकलिस्ट कमेट – एक्सेसिबल पार्किंग कैम्पेन कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्र वर्क ग्रुप

Chris Barkley — वाइस प्रेजीडेंट और डायरेक्टर ऑफ फील्ड ऑपरेशन्स, तिएचेर्ट कंस्ट्रक्शन

Robert Chrisp — मालिक, क्रिस्प कंपनी

Roberto Cortez — प्रेजीडेंट और सीईओ, मोनार्क इंजीनियर्स

Brian Holloway — CCDA कमिश्नर, प्रेजीडेंट, हॉलोवे लैंड डेवेलपमेंट

John James, CASp — बिल्डिंग अधिकारी।

Michael Jamnetski — चीफ डिप्टी रजिस्ट्रार, कांट्रक्टर्स स्टेट लाइसेंस बोर्ड (CSLB)

Craig Perry — मैनेजिंग पार्टनर, प्वाइंट सोर्स कंस्ट्रक्शन मैनेजमेंट

Katherin White — चीफ ऑफ पब्लिक अफेयर्स, CSLB

CCDA कमीशन मेम्बर्स (आयोग के सदस्य)

Chris Downey - चेयर

Douglas Wiele - वाइस चेयर

Guy Leemhuis - इमिडिएट पास्ट चेयर

Drake Dillard

Dr. Souraya Sue ElHessen

Brian Holloway

Jacqueline Jackson

Ashley Leon-Vazquez

Scott Lillibridge

Michael Paravagna

Héctor Ramirez

Ida Clair - स्टेट आर्किटेक्ट

Anthony Seferian - डिप्टी अटॉर्नी जनरल

Brian Maienschein - असेम्बली मेम्बर

Janet Nguyen - असेम्बली मेम्बर

Melissa Hurtado - सीनेटर

Brian Jones - सीनेटर

April Marie Dawson Rawlings - CCDA एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर

Phil McPhaul- CCDA ऑपरेशन्स मैनेजर

Abigail Ridge - CCDA स्टॉफ

डिपार्टमेंट ऑफ जनरल सर्विसेज (DGS) रीयल एस्टेट सर्विसेज डिविजन (RESD)

कृपया नोट करें कि कई मामलों में DGS स्टॉफ ने चित्रों में सुधार किया है।

यह पृष्ठ जानबूझकर खाल रखा गया है।

CCDA | California Commission on Disability Access

400 R Street, Suite 310
Sacramento, CA 95811
फ़ोन: (916) 319-9974
ई-मेल: CCDA@dgs.ca.gov
ई-फैक्स: (916) 376-4216
वेबसाइट: https://www.dgs.ca.gov/CCDA